-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 01.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ. श्री संजीव गुप्ता का निरीक्षण अभियान — पुलिस लाइन में रिक्रूटों से संवाद, साइबर थाना जांच, फरियादियों से सीधी बात

विवरण– आज दिनांक 01.08.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, डॉ. श्री संजीव गुप्ता द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत रिक्रूटों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्रूटों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि वे भविष्य में चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना कर सकें। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, डॉ. संजीव गुप्ता ने परेड ग्राउंड, बैरक, भोजनालय, शौचालय, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर रिक्रूटों से संवाद किया। साथ ही साइबर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइबर अपराधों से संबंधित मामलों की समीक्षा की और थाने में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों, स्टाफ की दक्षता तथा कार्यपद्धति का अवलोकन किया। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी उपकरणों का अधिकतम उपयोग कर मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आम जनता को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जाए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।